

# भाजपा विचारों से चलती है समझौतों से नहीं : नरेन्द्र सिंह

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 10 मई ।** भाजपा द्वारा आयोजित पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान-2026 का

**पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान का शुभारंभ**

उद्घाटन समारोह बामोर स्थित शुभहिम होटल में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मप्र विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि भाजपा केवल राजनीतिक दल नहीं, बल्कि राष्ट्रसेवा और वैचारिक प्रतिबद्धता का आंदोलन है।

उन्होंने कहा कि भाजपा ने कभी अपनी विचारधारा से समझौता नहीं किया, इसलिए पार्टी अन्य दलों से अलग पहचान रखती है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से सेवा, संगठन विस्तार और अंत्योदय की भावना के साथ सक्रिय रहने का आह्वान किया। कृषि मंत्री ऐंदल सिंह कंषाना ने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों, युवाओं, महिलाओं और गरीबों के कल्याण के लिए लगातार कार्य कर रही है। अनुसूचित मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह ने बूथ स्तर तक संगठन मजबूत करने पर जोर दिया। प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल ने राष्ट्रविरोधी ताकतों और सामाजिक चुनौतियों के प्रति सतर्क रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम में विभिन्न विषयों पर सात प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए गए। कार्यक्रम में मुरैना-श्योपुर सांसद शिवमंगल सिंह तोमर, जिलाध्यक्ष मुरैना, महापौर शारदा सोलंकी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बटेश्वरा-रहूघाट पहुंचे एसपी, उत्खनन रोकने दिलाई शपथ

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 10 मई ।** नवागत पुलिस अधीक्षक धर्मराज मीणा ने शनिवार को सबलगढ़ थाने का औचक निरीक्षण कर पुलिस व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने

**सबलगढ़ थाने का किया औचक निरीक्षण, दिए निर्देश**

चंबल नदी के रहू घाट और बटेश्वरा घाट पहुंचकर अवैध रेत उत्खनन की वस्तु स्थिति को देखा और उत्खनन एवं परिवहन पर अंकुश लगाने के लिए जरूरी निर्देश दिए। एसपी धर्मराज मीणा ने घाटों की ओर जाने वाले रास्तों पर गड्ढे खुदवाकर मार्ग बंद कराने के निर्देश दिए। इस दौरान ग्रामीणों को शपथ दिलाई कि नदी क्षेत्र में अवैध रूप से रेत का उत्खनन नहीं होने देंगे। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि चंबल नदी जीवनदायिनी है और इसका संरक्षण हम सबकी जिम्मेदारी है।





**पुलिस थानों का निरीक्षण कर देखीं व्यवस्थाएं, दिए निर्देश :** निरीक्षण के दौरान एसपी धर्मराज मीणा ने थानों में पुलिस बल, अपराध रिकॉर्ड, हवालात, मालखाना, सीसीटीवी व्यवस्था और साफ-सफाई की स्थिति की जांच की। एसपी ने अवैध खनन, मादक पदार्थों और असामाजिक तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को संवेदनशील क्षेत्रों में लगातार गश्त, वाहन चेकिंग और शिकायतकर्ताओं की समस्याओं का गंभीरता से निराकरण करने के निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान एसडीओपी सबलगढ़ राजकृष्णा, थाना प्रभारी राजकुमारी परमार, रक्षित निरीक्षक रविकांत शुक्ला सहित अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

## कटीबरी सरकार मंदिर में श्रीमद भागवत कथा 21 से

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना/जौरा, 10 मई ।** अंचल के प्राचीन कटीबरी हनुमान मंदिर पर 21 मई से नौ दिवसीय संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञानयज्ञ का आयोजन होगा। आयोजन जाफराबाद के सरपंच सरनाम सिंह यादव परिवार द्वारा कराया जा रहा है। कथा का आयोजन 29 मई तक होगा।

महंत राधाशरण दास महाराज कटीबरी सरकार के सानिध्य में होने वाली कथा में पं. संतोष सारस्वत शास्त्री जलालगढ़ वाले अपनी मधुर वाणी से श्रद्धालुओं को भागवत कथा का रसपान कराएंगे। पहले दिन कलश यात्रा और गणेश पूजन के बाद गोकर्ण कथा होगी। कथा के दौरान ध्रुव चरित्र, प्रहलाद कथा, समुद्र मंथन, श्रीराम जन्म, श्रीकृष्ण जन्मोत्सव, गोवर्धन लीला, रुक्मणी विवाह, सुदामा चरित्र सहित अनेक प्रसंग सुनाए जाएंगे। कथा के परीक्षित सरनाम सिंह यादव एवं श्रीमती कमला यादव रहेंगे।

## कुथियाना-ऐसाह घाटों पर रेत परिवहन के रास्ते किए बंद

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 10 मई ।** अवैध रेत परिवहन पर शिकंजा कसते हुए थाना अम्बाह और दिमनी पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई कर रेत माफियाओं के द्वारा रेत के परिवहन के लिए उपयोग किए जाने वाले रास्तों पर रविवार को गहरे गड्ढे खुदवाकर उन्हें बंद कर दिया गया है।

पुलिस टीम ने योजनाबद्ध तरीके से कुथियाना घाट अम्बाह और ऐसाह घाट बघपुरा क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों पर गड्ढे खुदवाकर मार्ग अवरुद्ध किए। कार्रवाई का उद्देश्य अवैध रेत परिवहन पर नियंत्रण स्थापित करना और क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखना बताया गया है। इस अभियान में थाना प्रभारी दिमनी जितेन्द्र दोहरे एवं थाना प्रभारी अम्बाह वीरेश सिंह कुशवाह ने पुलिस बल के साथ सक्रिय भूमिका निभाई।



## मां सिर्फ रिश्ता हीं नहीं त्याग व ममता का स्वरूप : कृष्णा दीदी

**मुरैना/पोरसा, 10 मई ।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय



सुखशांति भवन सब्जी मंडी रोड पोरसा एवं उपसेवा केंद्र मुरैना मुड़ियाखेड़ा में मातृ दिवस श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया गया। पोरसा सेवा केंद्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी कृष्णा दीदी ने कहा कि मां केवल एक शब्द नहीं, बल्कि प्रेम, करुणा, दया और ममता जैसे गुणों का संगम है। उन्होंने कहा कि जन्म देने वाली मां से पहले परमात्मा हमारी सच्ची मां है, जो हर आत्मा का पालनहार है। उन्होंने कहा कि जैसे मां अपने बच्चों को जीवनभर प्रेम करती है, वैसे ही बच्चों का भी कर्तव्य है कि वे माता-पिता के बुढ़ापे में उनका सहारा बनें। मातृ शक्ति को हर दिन सम्मान और वंदन मिलना चाहिए। कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारी प्रियंका दीदी, निकेता दीदी और नीतेश भाई ने मातृ शक्तियों का सम्मान किया।

# थाने से छूटकर घर पहुंचे ट्रक ड्राइवर ने फांसी लगाई, मौत

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 10 मई ।** नगर निगम के



सफाई कर्मचारी के साथ मारपीट किए जाने के मामले में पुलिस की गिरफ्त से शनिवार की

**कोतवाली थाना क्षेत्र में ट्रंच रोड पर रविवार को हुई घटना**

शाम को छूटने के बाद घर पहुंचें ट्रक ड्राईवर का शव रविवार की सुबह फंदे पर झूलता हुआ मिला।



जानकारी के अनुसार ट्रंच रोड इस्लामपुरा निवासी सोनू पुत्र महेश राठौर पेशे से ट्रक ड्राईवर होकर अविवाहित था। विगत 7 मई को सोनू राठौर का नगर निगम के सफाई कर्मचारी राकेश बाल्मीक के साथ विवाद हो गया था। जिसे लेकर सफाई कर्मचारी राकेश ने सिटी कोतवाली थाने में मारपीट का मामला दर्ज कराया था। कोतवाली पुलिस ने शुक्रवार की रात को पुलिस ने सोनू राठौर को गिरफ्तार किया था। जिसके बाद शनिवार की देर शाम पुलिस स्टेशन से रिहा होने के बाद सोनू राठौर अपने घर पहुंचा था। रविवार की सुबह जब परिवारीजन सोकर उठे तो उन्हें सोनू अपने कमरे में फंदे पर लटका हुआ मिला। तब उन्होंने पुलिस को सूचना दी। शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।



## दिव्यांगों को हक दिलाने आंदोलन करने से पीछे नहीं हटेंगे : पाराशर

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना/जौरा, 10 मई ।** मप्र दिव्यांग संगठन शाखा जौरा की नई कार्यकारिणी का गठन रविवार को

**सत्येन्द्र बने दिव्यांग संगठन की जौरा इकाई के अध्यक्ष**

सर्वसम्मति से किया गया। बैठक में सत्येंद्र पाराशर को अध्यक्ष चुना गया। रामगोपाल सविता और हरवीर अर्गल को उपाध्यक्ष बनाया गया है, जबकि मुबीन खान व दीपक को कोषाध्यक्ष तथा जितेंद्र सविता को सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक में दिव्यांगजनों की समस्याओं और अधिकारों को लेकर चर्चा हुई। नवनियुक्त अध्यक्ष सत्येंद्र पाराशर ने कहा कि दिव्यांगों की आवाज शासन तक पहुंचाने के लिए जरूरत पड़ी तो धरना-प्रदर्शन और आंदोलन भी किया जाएगा। बैठक में इंसाफ खान, धर्मेंद्र, शाहिद खान, गिर्राज सहित कई सदस्य मौजूद रहे।

## फायरिंग-अड़ीबाजी के केस में फरार भानु तोमर गिरफ्तार

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 10 मई ।** पोरसा थाना पुलिस ने फायरिंग एवं रंगदारी की धाराओं में दर्ज अपराध में फरार चल रहे बदमाश भानुप्रताप सिंह तोमर को रविवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार फायरिंग एवं अड़ीबाजी की धाराओं में पोरसा थाने में दर्ज अपराध क्रं. 92/2026 में नामजद भानुप्रताप सिंह तोमर उर्फ भानु तोमर पुत्र जितेन्द्र सिंह तोमर नि. गोकुलपुरा पोरसा घटना के बाद से ही फरार बना हुआ था। 10 मई को पुलिस ने भानु तोमर को गिरफ्तार कर लिया।

उसके कब्जे से पुलिस ने 315 बोर कट्टा और एक जिंदा राउण्ड जब्त किए है। इस मामले में नामजद 4 अन्य आरोपियों को पुलिस द्वारा पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। गिरफ्तार करने वाली टीम में निरीक्षक दिनेश कुशवाह, एसआई दुर्गेश सिंह, एएसआई आरडी इंदौरिया, प्र.आर. राजकुमार शर्मा, आर. भोलाराम, भूपेन्द्र सिंह, कप्तान सिंह, सीताराम, पुष्पेन्द्र, बृजेश, आरक्षक चालक दुर्वेश यादव शामिल थे।



## ग्राम विकास की रीढ़ हैं कोटवार : लोकेश कुमार

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 10 मई ।** कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ ने कहा कि ग्रामीण सूचनातंत्र की सबसे मजबूत कड़ी कोटवार हैं। शासन की योजनाओं से लेकर आपदा प्रबंधन तक गांवों में उनकी भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है।

**सम्मेलन में किया समस्याओं का समाधान, पहचान पत्र जारी करने दिए निर्देश**

नवीन एसडीएम कार्यालय में आयोजित कोटवार सम्मेलन में कलेक्टर ने कहा कि कोटवार राजस्व परिवार का अभिन्न अंग हैं और उनकी समस्याओं का समाधान प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने वर्दी की गुणवत्ता संबंधी शिकायतों पर भविष्य में राशि सीधे खातों में भेजने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने बरसात और बाढ़ के दौरान ग्रामीणों को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाने, पुल-पुलियों पर आवागमन रोकने तथा जनगणना कार्य में प्रगणकों का सहयोग करने की जिम्मेदारी भी कोटवारों को याद दिलाई। सम्मेलन में अपर कलेक्टर अश्विनी कुमार रावत, एसडीएम बीएस कुशवाह सहित बड़ी संख्या में कोटवार मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में संभागीय कोटवार संघ अध्यक्ष रामौतार ने आभार व्यक्त किया।



### एक नजर में

**पत्थर फेंकने से मना करने पर दबंगों ने पति-पत्नी को पीटा**

**मुरैना, 10 मई ।** सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र की शुक्ला कॉलोनी में रविवार को पड़ोसियों के बीच मामूली विवाद खूनी झगड़े में बदल गया। पत्थर फेंकने का विरोध करने पर दबंग पड़ोसियों ने पति-पत्नी के साथ बेरहमी से मारपीट कर दी। बताया गया है कि 45 वर्षीय बबलू डंडौतिया के पैर में चोट लगी हुई है। रविवार की सुबह बबलू अपने घर में पैर में दवा लगवा रहे थे। इसी दौरान पड़ौस में रहने वाले लोगों द्वारा गालियां देते हुए उनके घर में पत्थर फेंकना शुरू कर दिया। तब बबलू की पत्नी घर से बाहर निकली और पड़ौसिया से पत्थर न फेंकने की बात कही। इसी बात को लेकर आरोपी बबलू की पत्नी से झगड़ने लगे और मारपीट करना शुरू कर दी। पत्नी को बचाने के लिए बबलू मौके पर पहुंचें तो आरोपियों ने उनके साथ भी मारपीट कर डाली। मारपीट से बबलू और उसकी पत्नी को चोटें आईं है। कोतवाली पुलिस ने पीड़ित दंपत्ति की रिपोर्ट पर एफआईआर दर्ज कर ली है।

**भाविप के बाल संस्कार शिविर का हुआ शुभारंभ**

**मुरैना, 10 मई ।** भारत विकास परिषद शाखा मुरैना के संयुक्त तत्वावधान में 7



दिवसीय बाल संस्कार शिविर का शुभारंभ रविवार को उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। शिविर 10 मई से 17 मई 2026 तक आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि यातायात प्रभारी संतोष सिंह भदौरिया, विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ पत्रकार शिवप्रताप सिंह जादौन एवं विशेष अतिथि उद्योगपति अशोक सिंह भदौरिया थे। वक्ताओं ने बच्चों के जीवन में संस्कार, अनुशासन एवं नैतिक मूल्यों के महत्व पर प्रकाश डाला। शिविर में योग, गीता पाठ, ध्यान, ताईक्वांडो, आर्ट क्राफ्ट एवं डांस जैसी गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। कार्यक्रम में प्रांतीय अध्यक्ष अमित जैन, शाखा अध्यक्षा अर्चना पवन शर्मा, सचिव रजनी राम गुप्ता, कोषाध्यक्ष वीणा नीरज मोदी, अंजू आनंद त्रिवेदी, सौरभ अग्रवाल, ओम मदानी, अतुल माहेश्वरी, श्वेता मितेश माहेश्वरी सहित विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं बड़ी संख्या में अभिभावक एवं बच्चे उपस्थित रहे।

**आश्वासन नहीं अब काम चाहिए, पार्षदों ने निकाली पदयात्रा**

**मुरैना/सबलगढ़ ।** नगर की बदहाल सड़कों, गंदगी और अधूरे विकास कार्यों के विरोध में चल रहे जनहित सत्याग्रह ने रविवार को जोर पकड़ लिया। रविवार की सुबह सबलगढ़ कस्बे में अदालत रोड चौराहे से जनजागरण प्रभात फेरी और पदयात्रा निकाली गई, जिसमें कई पार्षद और नागरिक शामिल हुए। पदयात्रा मुख्य बाजार और संतर नंबर-1 से 5 तक पहुंची, जहां जनप्रतिनिधियों ने व्यापारियों और आमजन से संवाद किया। इस दौरान शहर में कई जगहों पर लोग खुद अपने घरों और दुकानों के बाहर सफाई करते नजर आए। नागरिकों ने इसे सबलगढ़ के विकास की आवाज बताते हुए पार्षदों का स्वागत किया। पार्षदों ने कहा कि वे शांतिपूर्ण तरीके से जनता के अधिकारों की लड़ाई लड़ रहे हैं। वार्ड-02 पार्षद श्री पचौरी ने कहा कि स्वीकृत योजनाओं और जारी बजट के बावजूद विकास कार्य अटके हैं, जिससे जनता को सड़क पर उतरना पड़ रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि जब तक सीसी सड़क और विकास कार्य शुरू नहीं होंगे, तब तक जनहित सत्याग्रह जारी रहेगा।

## पत्थर का अवैध परिवहन कर रहे ट्रेक्टर-ट्रॉली पकड़े

**मुरैना, 10 मई ।** सबलगढ़ थाने की पुलिस ने शनिवार को पत्थर से भरे



एक ट्रेक्टर-ट्रॉली को पकड़ा। पुलिस के अनुसार गुर्जा रोड पर वाहन चैकिंग के दौरान पत्थर का परिवहन कर रहे एक ट्रेक्टर-ट्रॉली को रोका गया, जांच के दौरान ड्राईवर खनिज की रायॅल्टी संबंधी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। पुलिस ने ट्रेक्टर-ट्रॉली को जब्त कर ड्राईवर को गिरफ्तार कर लिया। ड्राईवर के विरुद्ध मप्र खान एवं खनिज अधिनियम की धाराओं में अपराध पंजीबद्ध किया गया है। कार्रवाई में निरीक्षक राजकुमारी परमार, प्र.आर. मेहताब सिंह, मनोज चौहान, आरक्षक सुभाष, अनूप, नंदकिशोर, नगर सैनिक अरविंद शामिल थे।

# शिक्षकों ने 6 दिन में पूरा किया जनगणना का डिजिटल सर्वे

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना/कैलारस, 10 मई ।** राष्ट्रीय जनगणना-2027 के तहत चल रहे डिजिटल हाउस लिस्टिंग एवं बिल्डिंग सर्वे में कैलारस नगर

**उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर नप सीएमओ ने किया सम्मान**

क्षेत्र के शिक्षकों ने महज 6 दिन में कार्य पूर्ण कर मिसाल पेश की है। सीमित समय और कठिन जिम्मेदारी के बावजूद दस प्रगणकों ने सर्वे पूरा कर प्रशासन का भरोसा मजबूत किया।



शिक्षकों की कार्यनिष्ठा से प्रभावित होकर मुख्य नगरपालिका अधिकारी रामप्रकाश जगनेरिया ने नगर परिषद कार्यालय में आयोजित समारोह में सभी प्रगणकों को पुष्पहार पहनाकर सम्मानित किया। अधिकारियों ने कहा कि शिक्षकों का समर्पण अन्य कर्मचारियों के लिए प्रेरणादायक है।

**इन प्रगणकों को किया गया सम्मानित :** सम्मानित किए गए प्रगणकों में अनिल शिवहरे, भरोषीलाल राठौर, राकेश शर्मा, लाखन सिंह सोलंकी, राकेश कुमार शर्मा, राजेश शिवहरे, संदीप गौड़, जगदीश सिंह धाकड़, भूपसिंह जाटव, जितेंद्र कुमार जगा शामिल है। वहीं सुपरवाइजर बृजेश कुमार बघेल, विशम्भर दयाल कुशवाह, अतुल शर्मा, कमल किशोर गौड़, भागीरथ धाकड़ की भूमिका की भी सराहना की गई।

# पेंशनर्स ने बैठक में उठाई एरियर-भत्तों को लेकर आवाज

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना/जौरा, 10 मई ।** मप्र प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन तहसील शाखा जौरा की आवश्यक बैठक रविवार को आयोजित हुई। बैठक में पेंशनरों की लंबित समस्याओं और एरियर भुगतान को लेकर विस्तार से चर्चा हुई।

बैठक में बताया गया कि प्रदेश के वित्त मंत्री एवं उप मुख्यमंत्री ने एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया है कि पेंशनरों की समस्याओं पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से चर्चा कर सकारात्मक निर्णय लिया जाएगा। सदस्यों ने छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट बिलासपुर के उस फैसले पर भी चर्चा की, जिसमें मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के पेंशनरों को 32 एवं 27 माह का एरियर धारा-49 की बाधा हटाकर भुगतान करने की बात कही गई है। बैठक की अध्यक्षता उपाध्यक्ष विनोद कुमार दुबे ने की। इस दौरान आरके पाराशर, डीके पाठक, रघुनंदनलाल श्रीवास्तव, सलीम खान, टीआर शाक्य, सामंत सिंह भदौरिया, मुन्नालाल शाक्य, महेंद्र सिकरवार, हरिशंकर शर्मा, शमशाद खान, पीसी गोयल, भगवान सिंह कुशवाह, ओमप्रकाश शाक्य, नेमीचंद सविता सहित अनेक सदस्य मौजूद रहे।



## 35 हजार की अवैध शराब समेत 1 युवक पकड़ा, दूसरा फरार

**मुरैना, 10 मई ।** सिटी कोतवाली पुलिस ने देशी शराब की 7 पेटियों के साथ एक



युवक को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक अमित सिंह भदौरिया ने अपनी टीम के साथ मुखबिर की सूचना पर एसएएफ कैंटीन के पीछे स्थित खाली जगह पर रानू भदौरिया और पप्पू राठौर निवासी संजय कॉलोनी खड़े हुए थे। पुलिस टीम को देखकर पप्पू राठौर वहां से भाग निकला। जबकि रानू भदौरिया को पुलिस ने दबोच लिया। पुलिस ने मौके से देशी शराब की 7 पेटियां जब्त की। जिनका बाजारू मूल्य 35 हजार रूपये आंका गया है। शराब को जब्त कर पुलिस ने दोनों आरोपियों के विरुद्ध आबकारी एक्ट का मामला दर्ज कर लिया है। कार्रवाई में एएसआई किशन सिंह, प्र.आर. शिवप्रताप, अनिल दोहरे, आरक्षक अशोक, कुलदीप जाट, सूरज, सत्यम, अर्जुन, सत्यपाल शामिल थे।